# युवाओं ने आंदोलन कर अमल ज्योति विद्यालय महाराजपुर का किया घेराव

## विद्यालय में जीर्णशीर्ण अवस्था में मिला रामायण ग्रंथ, प्रशासन ने मांगी माफी





**मंडला, देशबन्धु।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंडला नगर के द्वारा मंगलवार को अमल ज्योति विद्यालय में आंदोलन कर विद्यालय का घेराव किया। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बताया कि 27 मार्च को बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम द्वारा अमल ज्योति हायर सेकेंडरी विद्यालय, महाराजपुर का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में निम्नलिखित गंभीर अनियमितताएँ पाई गई

विद्यालय की पुस्तकालय में ईसाई धर्म विशेष की कई पुस्तकें पाई गईं, जो अप्रत्यक्ष रूप से धर्मांतरण की आशंका उत्पन्न करती हैं। रामायण ग्रंथ जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पाया गया, जिससे हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएँ आहत हुई हैं विद्यालय में विद्यार्थियों से अनावश्यक और मनमानी फीस वसूली की जा रही है। इन सभी विषयों को लेकर विद्यार्थी परिषद ने आज लगभग 4 घंटे विद्यालय के सामने विद्यालय प्रशासन से रामायण ग्रंथ के विषय में माफी मांगने हेतु प्रदर्शन किया जिसके बाद विद्यालय प्रशासन ने माफी मांगी। एसडीएम को मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें अमल ज्योति विद्यालय, महाराजपुर की मान्यता समाप्त की जाए। विद्यालय में अप्रत्यक्ष रूप से धर्मांतरण की गहन जाँच कर दोषियों पर उचित कार्यवाही की जाए। विद्यालय के संपूर्ण वित्तीय लेन-देन की जाँच कर विद्यार्थियों से वसूली गई अवैध फीस अभिभावकों को लौटाई जाए। साथ की थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन में मांग की गई कि विद्यालय संचालक के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की जाए। विद्यार्थी परिषद ने प्रशाशन से 7 दिवस की अंदर कार्यवाही की बात कही है अन्यथा उग्र रूप से प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

# बिक रहे नकली उत्पाद पर नहीं हो रही कार्रवाई

**मंडला, देशबन्धु।** नकली उत्पादों का सेवन करने से फेफड़ों के कैंसर जैसी दीर्घकालिक विनाशकारी स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित होने की संभावना बढ़ जाती है । चाहे सिगरेट या तंबाकू की थैलियाँ वैध रूप से खरीदी गई हों, इन उत्पादों में 5,000 से अधिक रसायन होते हैं, जिनमें से 60 मनुष्यों के लिए जहरीले होते हैं।

मंडला जिले के अंदर सभी जगह नकली उत्पाद बैंचे जा रहें है। खाने पीने में तो सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों में एक्सपायरी डेट के समान सेल किया जाता है। जागरूकता ना होने की वजह से गांव के लोग उस चीज को खरीद कर खा लेते हैं। संबंधित विभाग होली दिवाली में एक दो जगह के सैंपल की जांच कर फोटो खींचा लेता है। और बाकी का समय अपने ऑफिस में ही गुजार देता है।

# पागल कुत्ते के काटने से कई लोग घायल, फैली दहशत



**अंजनिया, देशबन्धु।** जिले के जनपद बिछिया अंतर्गत ग्राम अंजनिया में पागल कुत्ते के काटने से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए है, जिसके बाद से कुत्ते की तलाश की जा रहीं है द्य कुत्ते पागल बताए जा रहे है। फिलहाल कुत्ते के हमले से बच्चे, महिला, बुजुर्ग घायल है। उनका इलाज स्थानीय अस्पताल पर चल रहा है, और एक गंभीर स्कूल छात्रा को जिला अस्पताल रैफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक

### कुत्ते की तलाश में महकमा

अंजनिया में सोमवार की रात इंदिरा चौक मोहल्ले में कुत्ते के झुण्ड को उत्पात मचाते देख गया।

उस दौरान कुत्ते ने उसी मोहल्ले से रात में ही पूजा डोंगरे नामक लड़की को काट डाला, वहीं सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों के लिए दौड़ पड़ा तो मोहल्ले ने झुंड को बाहर की ओर खदेड़ा इस बीच कुत्तो नें अन्य मोहल्ले के लोगों को भी काटकर घायल कर दिया है, घटना के बाद से स्थानीय लोगों में रोष नजर आ रहा है वे कुत्ते के झुंड का रेस्क्यू करने की मांग कर रहे हैं, उन्होंने बताया कि कुछ दिनों से अंजनिया के मोहल्ले चौक चौराहो में श्वान की टोली काफी संख्या में देखने को मिल रही है पर स्थानीय प्रशासन कोई कदम नहीं उठा पा रहा है।

### कुत्ते के हमले से घायलों के नाम

अर्चना झरिया उम्र 20 वर्ष,.पूजा डोंगरे उम्र 18 वर्ष,.बालचंद नामदेव 77 वर्ष , भूपेंद्र नाथ झा 74 वर्ष, राजकुमार उम्र 48 वर्ष (6). मुन्ना लाल नंदा 60 वर्ष ग्राम नारा दिवारा, शारदा पटेल उम्र 6 वर्ष पिता रंजीत अंजनिया गंभीर है जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## सार-समाचार

### कलेक्टर ने किया नवीन शिक्षण सत्र का शुभारंभ



**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने पीएम श्री एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरदेनगर में स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत नवीन शिक्षण सत्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने विद्यार्थियों से आत्मीय चर्चा करते हुए नियमित शाला आकर मन लगाकर पढ़ाई करने की समझाईश दी। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश तेकाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष सोनू भल्लावी, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, जनपद सदस्य, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े बीईओ श्री रंजीत गुप्ता, एपीसी मुकेश पांडे, बीआरसी अनादि वर्मा, स्थानीय सरपंच, प्राचार्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय मंडला में कक्षा दूसरी में एक स्थान रिक्त

**मण्डला, देशबन्धु।** पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय मंडला में कक्षा द्वितीय (कक्षा दूसरी) में प्रवेश हेतु एक स्थान रिक्त है। प्रवेश हेतु इच्छुक अभिभावक 2 अप्रैल 2025 से 11 अप्रैल 2025 के बीच आवेदन कर सकते हैं। कक्षा द्वितीय में प्रवेश हेतु बच्चे की आयु 1 अप्रैल 2025 को 7 वर्ष से 9 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है। (बच्चे का जन्म 1 अप्रैल 2016 से 1 अप्रैल 2018 के बीच होना चाहिए) प्रवेश हेतु फार्म (निर्धारित आवेदन पत्र) 2 अप्रैल 2025 से 11 अप्रैल 2025 तक (प्रात: 9 से अपरान्ह 1 बजे के बीच) विद्यालय से नि:शुल्क प्राप्त कर सकते हैं। भरे हुए आवेदन पत्र सभी अनिवार्य दस्तावेजों के साथ 2 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक (प्रात: 9 से अपरान्ह 1 बजे के बीच) विद्यालय में जमा किये जा सकते हैं। प्रवेश हेतु आवेदक का चयन केन्द्रीय विद्यालय संगठन की प्रवेश मार्गदर्शिका 2025 के तहत किया जाएगा। विस्तृत जानकारी हेतु विद्यालय की वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं। कक्षा दूसरी के अतिरिक्त अन्य कक्षाओं में स्थान रिक्त नहीं है।

### जल गंगा जल संवर्धन अभियान अंतर्गत कराई गई सार्वजनिक कूप की सफाई



**मंडला, देशबन्धु।** जनपद पंचायत मंडला के सीमावर्ती ग्राम पंचायत साल्हेडंडा के बाजार चौक पर स्थित पुराने सार्वजनिक कूप की साफ-सफाई कराई गई। जल गंगा जल संवर्धन अभियान अंतर्गत कराई जा रही गतिविधियों के क्रम में इस पुराने कूप की सफाई के साथ-साथ आवश्यकतानुसार मरम्मत की कार्यवाही भी कराई गई। कूप सफाई कार्य के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट के मार्गदर्शन अनुसार उपस्थित लोगों को जलदूत के रूप से जुड़कर अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच सुशीला परते, सचिव माखन उइके, ग्राम रोजगार सहायक इमरतलाल तिलगाम, समस्त पंचगण तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सीएम राइज विद्यालय निवास में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित



**मण्डला, देशबन्धु।** मंगलवार को सीएम राइज विद्यालय निवास में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्राचार्य वेदप्रकाश अवधिया के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घनश्याम सूर्यवंशी, जनपद उपाध्यक्ष थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती हेमलता परस्ते, अध्यक्ष नगर परिषद ने की।

विशिष्ट अतिथियों में यतींद्र मोहन विश्वकर्मा, आकाश पांडे, मंडल अध्यक्ष, सुनील दुबे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, अनुराग जैन, प्रभारी प्राचार्य, तारेन्द्र उपाध्याय, सीएसी, सुरेश मढ़ेले, सीएसी और शालिनी उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती पूजन से हुई। अतिथियों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और अभिभावकों को विद्यालय के साथ मिलकर विद्यार्थियों के हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

प्रभारी प्राचार्य ने अभिभावकों से विद्यालय के प्रबंधन में सहयोग देने की अपील की और बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का तिलक बंधन कर स्वागत किया गया। विद्यालय द्वारा निशुल्क पुस्तकें, मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह दिए गए और कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को निशुल्क गणवेश प्रदान किए गए।

कक्षा 6, 7, 8, 9 और 11 के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह दिए गए।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी उपप्राचार्य प्रभात गौलिया, वरिष्ठ शिक्षक रोहिताष सिंगरौरे, और समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों का भविष्य संवारने में शिक्षक की अहम भूमिका : कलेक्टर



**मण्डला, देशबन्धु।** पीएम श्री एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरदेनगर में स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत नवीन शिक्षण सत्र प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सहभागिता की। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को नियमित शाला आने की समझाईश देते हुए शिक्षा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का भविष्य संवारने में शिक्षक की अहम भूमिका होती हैं।

सभी विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करते हुए परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय तथा जिले का नाम रौशन करें। उन्होंने बच्चों से आव्हान किया कि वे नियमित रूप से स्कूल आएं तथा अपने साथियों को भी साथ में लेकर आएं। इस दौरान कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने मंडला जिला पांचवी कक्षा के बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में पांचवा स्थान और कक्षा आठवी टॉप-10 में आने पर सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। कार्यक्रम में मंचीय अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कमलेश तेकाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष सोनू भल्लावी, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, जनपद सदस्य, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े बीईओ रंजीत गुप्ता, एपीसी मुकेश पांडे, बीआरसी अनादि वर्मा, स्थानीय सरपंच, प्राचार्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश तेकाम ने जिले की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के संबंध में विचार व्यक्त किया।

# प्रवेश उत्सव पर छात्रों को तिलक लगाकर कराया शाला में प्रवेश



**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार शासकीय हाई स्कूल माँझीपुर में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत प्रवेश उत्सव मनाकर किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजन-वंदना के साथ किया गया। वंदना उपरांत प्रवेशित नवीन छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण के पश्चात प्रभारी प्राचार्य कविता विश्वकर्मा द्वारा समग्र शिक्षा, शिक्षा का महत्व व शासकीय योजनाओं की जानकारी बच्चों को दी गई।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा कक्षा नवमीं में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले छात्र- छात्राओं को पुरष्कृत करते हुए महिला सशक्तिकरण पर दिल्ली में सम्मानित कटंगामाल सरपंच पार्वती उइके का सम्मान शालेय परिवार द्वारा किया गया।कार्यक्रम में सरपंच माँझीपुर दीप सिंह मरावी,उपसरपंच नरेश सार्वे,शिक्षा समिति अध्यक्ष विष्णु मरावी,शाला प्रबंधन समिति के सदस्य अमर साय तेकाम, भूतपूर्व छात्र-छात्रायें व विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।अतिथियों के उदबोधन व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम संचालन व आभार प्रदर्शन शिक्षक राकेश नामदेव ने किया।

## कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**मंडला।** विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बताया कि बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने साइन फॉर इंडिया विद्यालय का निरीक्षण किया जिसमें विद्यालय में भोले वाले आदिवासी छात्राओं को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करना पाया गया सबसे बड़ा विषय यह है कि यहां आदिवासी बच्चों के साथ-साथ बैगा जनजाति बच्चों को भी कन्वर्ट किया जा चुका है बिना माता-पिता के अनुमति के इनको प्रार्थना कराई जाती है एवं उनके स्कूल फार्म में भी क्रिश्चियन रिलिजन लिखा गया है, इसी तरह आदिवासी जिला मंडला में ईसाई मिशनरियों के द्वारा विद्यालय को धर्मातरण का अड्डा बनाया हुआ है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने 51 आवेदकों की सुनीं समस्याएं

**मंडला, देशबन्धु।** जिला योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने 51 आवेदकों की समस्या सुनते हुए समुचित निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनहित से संबंधित आवेदनों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें।

साथ ही पिछली जनसुनवाई के आवेदनों की समीक्षा करते हुए समुचित निराकरण के निर्देश दिए। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में 51 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

जनसुनवाई में पारिवारिक सहायता राशि, सर्पदंश से आकस्मिक मृत्य पर आर्थिक सहायता, किसान क्रेडिट कार्ड, आवास योजना, मनरेगा जॉबकार्ड, ऑनलाईन नामांतरण, ट्रांसफार्म, गरीबी रेखा में नाम जोड़ने सहित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए।

जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री जेपी यादव, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम सहित जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# ग्रीनलैंड प्लॉट पर दर्जनों हरे सागौन के वृक्षों का हुआ सफाया

## पावर नहीं फिर भी ग्राम पंचायत ने काटने की दे दी अनुमति

## फर्नीचर व्यापारी भाजपा पार्षद पर वृक्ष काटने का आरोप

**मंडला, देशबन्धु।** पर्याप्त ऑक्सीजन व्याप्त रहे, इसके लिए विभिन्न स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करने एवं वृक्षों को सुरक्षित बनाये रखने के प्रयास किए जाते हैं। पिछले दिनों तो नर्मदा नदी के किनारे पौधारोपण करने पर ना जाने कितनी राशि सरकार की खर्च की गई, पौधे कितने तैयार हुए कोई ऑकड़ा स्पष्ट सामने नहीं आया। लेकिन इसके विपरीत ग्रीनलैण्ड में अवैध प्लॉटिंग होने से वृक्षों को बेरहमी से काटा जा रहा है। ऐसा ही एक मामला विगत दिवस शहर से लगी हुई ग्राम पंचायत सकवाह के पोषक ग्राम रामबाग में झूलापुल के समीप नदी के किनारे हल्का नंबर 90, खसरा नंबर 4/3/2/1 पर लगे 10 सागौन के हरे एवं तीन सूखे वृक्षों को पटवारी, सरपंच, सचिव एवं भू-स्वामी की मिलीभगत से फर्नीचर व्यापारी भाजपा पार्षद रामजी गायक द्वारा मशीन से काट दिया गया।

यह दृश्य देख स्थानीय उपसरपंच हरिलाल बरमैया द्वारा आपत्ति जताते हुए वन विभाग को सूचना देकर 181 सीएम हेल्पलाईन में शिकायत दर्ज करायी गई। जानकारी मिलते ही मीडिया के लोग



मौके पर पंहुच गये तो शेष अन्य वृक्ष बच गये नहीं तो यह संख्या और भी अधिक होती। समय पर वन विभाग की टीम पंहुच गई लेकिन कार्यवाही करने में असमर्थता व्यक्त की गई। क्योंकि यह मामला राजस्व विभाग के अधीन है तब लगभग 4 घण्टे बाद राजस्व विभाग की टीम के द्वारा पंहुचकर पंचनामा बनाते हुए कटे वृक्षों को जप्त किया गया।

बताया गया कि भू-स्वामी दिलीप कुमार पिता रमेश्वर गौतम एवं महेन्द्र कुमार पिता हल्कु राम तेजा के आवेदन पर ग्राम पंचायत द्वारा पटवारी प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक 28.03.2025 को प्रस्ताव पारित कर उक्त सागौन के हरे वृक्षों को काटने की लिखित अनुमति दी गई थी। जानकारों के अनुसार राष्ट्रीयकृत वृक्षों को काटने की अनुमति देने का अधिकार ग्राम पंचायत को नहीं है। यह अधिकार कलेक्टर एवं एसडीएम के पास सुरक्षित है।

अब सवाल उठता है कि पढ़े लिखे भू-स्वामी उन वृक्षों को कटवाने के लिए ग्राम पंचायत को आवेदन क्यों दिए। यह आवेदन कलेक्टर व एसडीएम को देना था और आवेदन दिया भी गया था तो सचिव व पटवारी को अपने उच्चाधिकारियों को संज्ञान में लाना था। लेकिन ऐंसा नहीं किया गया क्योंकि कुरचना करके उन वृक्षों का कत्ल किया गया है। चर्चा व्याप्त है कि इस मामले में लेनदेन हुआ है। अब देखना होगा कि, संबंधित जिम्मेदार कौन-कौन को दोषी मानकर क्या कार्यवाही करते हैं फिलहाल तो उन वृक्षों से मिलने वाली ऑक्सीजन से हम वंचित हो गये हैं।